दिन– मंगलवार दिनांक– 10 / 10 / 2023

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में एशियाई खेलों में भाग लेने वाले भारतीय एथलीटों से संवाद करेंगे।

02. भाजपा नेता सुशील मोदी ने राज्य सरकार पर जाति आधारित गणना में अति पिछड़ी जातियों की उपेक्षा का लगाया आरोप। राज्य सरकार ने रिपोर्ट की समीक्षा से किया इंकार।

03. पटना उच्च न्यायालय ने मुजफ्फरपुर पुलिस के अमानवीय व्यवहार पर लिया स्वतः संज्ञान। राज्य सरकार को पुलिस को संवेदनशील बनाने के दिये निर्देश।

04 और, प्रदेश के ग्यारह जिलों से दक्षिण–पश्चिम मॉनसून की हुई वापसी। मौसम विभाग ने कहा– अगले दो दिनों में पूरे राज्य से लौट जायेगा मॉनसून।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एशियाई खेलों में शामिल खिलाडियों से आज नई दिल्ली में बातचीत करेंगे। वे खिलाडियों को संबोधित भी करेंगे।एशियाई खेलों में असाधारण उपलब्धि के लिए और भावी प्रतियोगिताओं के लिए खिलाडियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से ये कार्यक्रम आयोजित किया गया है। भारत ने एशियाई खेलों में अट्ठाईस स्वर्ण सहित कुल एक सौ सात पदक जीते। यह पदकों की कुल संख्या के मामले में एशियाई खेलों में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस असाधारण उपलब्धि के लिए खिलाडियों को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा था कि खिलाडियों के प्रेरक प्रदर्शन ने इतिहास रचा और देशवासियों के दिलों में गर्व की भावना भरी। इस कार्यक्रम में एशियाई खेलों में शामिल भारतीय खिलाडी, उनके कोच, भारतीय ओलिम्पिक संघ के अधिकारी और राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

————————————————————————

केन्द्र सरकार कुपोषित बच्चों की पहचान और प्रबंधन के लिए प्रोटोकॉल लॉन्च करेंगी। केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी आज नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में यह प्रोटोकॉल लॉन्च करेंगी। प्रोटोकॉल में आंगनवाड़ी स्तर पर विस्तृत कार्यक्रम शामिल है, जिसके तहत रेफरल, पोषण प्रबंधन और अनुवर्ती देखभाल पर ध्यान दिया जायेगा। इस आयोजन में देशभर से महिला और बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे। यूनिसेफ, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन,

इंटरनेशनल पीडियाट्रिक एसोसिएशन, विश्व स्वास्थ्य संगठन जैसे प्रमुख अंतरराष्ट्रीय और अन्य संगठनों के गणमान्य व्यक्तियों और विशेषज्ञों के भी भाग लेने की उम्मीद है। कुपोषण एक जटिल चुनौती है जिसके लिए सामूहिक कार्रवाई की आवश्यकता है। कुपोषित बच्चों की पहचान और उनका उपचार मिशन पोषण 2.0 का एक अभिन्न पहलू है।

———————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने राज्य सरकार पर आरोप लगाया है कि जाति आधारित गणना में वैश्य और कुशवाहा जातियों को अति पिछड़ा सूची से बाहर करने की साजिश की गयी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि तेली, तमोली, चौरसिया, दांडी समेत आधा दर्जन जातियों को अति पिछड़ा सूची से बाहर करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि महागबंधन को वोट नहीं देने वाली जातियों को निशाना बनाया जा रहा है। श्री मोदी ने कहा कि मुस्लिम समुदाय के तीन जातियों को अति पिछड़ा वर्ग में रखना गलत है। इधर, राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने कहा है कि जाति आधारित गणना का विरोध करने वाले लोग इंसानियत के खिलाफ हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि ऐसे लोगों में न्यायिक चरित्र नहीं होता है।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने जाति आधारि गणना रिपोर्ट की समीक्षा किये जाने से इंकार किया है। मुख्य सचिव आमिर सुबहानी ने कहा कि सरकार रिपोर्ट की किसी भी स्तर पर समीक्षा की आवश्यकता महसूस नहीं करती है। श्री सुबहानी ने कहा कि यह गणना वैज्ञानिक तरीके से की गयी है, जिसमें गलती की कोई गुंजाईश नहीं है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से कई राजनीतिक दल और संस्थाएं जाति आधारित गणना की रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुये इसकी दोबारा जांच की मांग कर रहे हैं।

———————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने मुजफ्फरपुर पुलिस द्वारा एक शव को नदी में फेंकने का वीडियो वायरल होने के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। मामले की सुनवाई करते मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चन्द्रण और न्यायामूर्ति राजीव राय की खंडपीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि पुलिस को संवेदनशील बनाये। इधर, एडीजी मुख्यालय, जितेन्द्र सिंह गंगवार ने बताया कि मामले में दोषी पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। वहीं, गृह रक्षा वाहिनी निदेशालय को दो सिपाहियों को बर्खास्त करने के निर्देश दिया गया है।

———बाईट———

———————————————————————————————

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने निजी एफएम रेडियो के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो–सीबीसी विज्ञापन दरों में संशोधन किया है। सात वर्षों के बाद संशोधित दरों में आधार रेट में तैंतालीस प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। श्रोताओं की संख्या के आधार पर स्टेशनों के लिए शहरों की दरों में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इस वर्ष सितंबर में मंत्रालय द्वारा अनुमोदित नई दरों में दिसंबर दो हजार पन्द्रह से मार्च दो हजार तेईस की अवधि के लिए बढ़ती लागत को ध्यान में रखते हुए आधार दर में तैंतालीस प्रतिशत की वृद्धि शामिल है। एफएम रेडियो विज्ञापन के लिए सकल आधार दर बावन से बढ़कर चौहत्तर रुपए प्रति दस सेकेंड हो जाएगा। इस समायोजन का उद्देश्य मौजूदा बाजार दरों के साथ समानता बनाए रखना है। सकल आधार दर में वृद्धि से देश में वर्तमान में कार्यरत चार सौ से अधिक सामुदायिक रेडियो स्टेशनों को भी लाभ होगा।

———————————————————————————————

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम–एन.सी.डी.सी., प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहकार से समृद्धि के दृष्टिकोण को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। श्री शाह ने नई दिल्ली में कहा कि उनके मंत्रालय ने देश में सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए कई पहल की हैं। प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

———————————————————————————————

प्रदेश से मॉनसून की वापसी शुरू हो गयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पश्चिम हिस्सों के ग्यारह जिलों से मॉनसून की वापसी हो चुकी है। विभाग के अनुसार अगले दो दिनों में अन्य जिलों से भी मॉनसून के लौटने की सम्भावना है। इस बीच, राज्य में तापमान में उतार–चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी। पिछले चौबीस घंटों के दौरान छत्तीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ वैशाली प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, औरंगाबाद का अधिकतम तापमान छत्तीस दशमलव चार और बक्सर का तैंतीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

———————————————————————————————

राज्य में डेंगू के नये मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेंगू के एक सौ उन्नीस नये मरीजों की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना में सबसे अधिक तीस नए मामले मिले हैं। इधर, भागलपुर में सोलह, सारण में पन्द्रह, नवादा में दस और वैशाली में नौ मरीजों की पुष्टि हुई है।

प्रदेश में डेंगू मरीजों की संख्या नौ हजार से अधिक हो गयी है। जाने माने चिकित्सक डॉक्टर माधव धर्मे ने डेंगू से बचने के उपयों के बारे में जानकारी दी।

———बाईट———

———————————————————————————

आज विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस है। लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रति वर्ष दस अक्टूबर को यह दिवस मनाया जाता है। इस बार इस दिवस की थीम है– मानसिक स्वास्थ्य, सार्वभौमिक मानवाधिकार। इस अवसर पर देशभर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया आज नई दिल्ली में स्वस्थ्य मन, स्वस्थ्य तन कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इधर, प्रदेश में भी इस अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————————————

पूर्व मध्य रेलवे ने त्योहरों को देखते हुए पटना और गया से आनंद विहार के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। आनंद विहार से पटना के लिए स्पेशल ट्रेन तेईस नवम्बर से दस दिसम्बर तक सप्ताह में दो दिन अप और डाउन में चलायी जायेगी। वहीं, पटना से आनंद विहार के बीच एक अन्य ट्रेन का परिचालन पच्चीस नवम्बर से इक्कीस दिसम्बर तक प्रत्येक शनिवार और रविवार को अप और डाउन में होगा। इसके अलावा गया से आनंद विहार के बीच बीस नवम्बर से आठ दिसम्बर तक सप्ताह में तीन दिन स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा।

———————————————————————————

बिहार राज्य टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में सहरसा जिला टेबल टेनिस संघ की ओर से सहरसा के खेल भवन में प्रथम राज्य स्तरीय रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिला टेबल टेनिस संघ के सचिव रोशन सिंह धोनी ने बताया कि बारह अक्टूबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में प्रदेश के उन्नीस जिलों के एक सौ सत्तावन खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

———————————————————————————

गोपालगंज जिले के नगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत नवादा दियारा इलाके में पुलिस ने छापेमारी कर एक पिकअप वैन से एक हजार लीटर स्प्रिट जब्त किया है। मौके से चालक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————————

नालंदा जिले के चिकसौरा थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में पुलिस ने एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्वेदन करते हुए आधा दर्जन निर्मित और अर्थनिर्मित हथियार बरामद किया है। पुलिस ने फैक्ट्री के संचालक को गिरफ्तार कर लिया है।

—————————————————————————————————

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृव अभियान के तहत सुपौल जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों पर गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परिक्षण कर उन्हें चिकित्सकीय सलाह दी गयी।

—————————————————————————————————

अरवल जिले में डाक कर्मियों की ओर से मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के आंगन से मिट्‌टी एकत्रित की गयी। यह मिट्‌टी नई दिल्ली में अमृत वाटिका के निर्माण के लिए भेजी जायेगी।

—————————————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने पांच राज्यों राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ मिजोरम और तेलंगाना में निर्वाचन आयोग की ओर से जारी चुनावी कार्यक्रम की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– पांच राज्यों में सत्ता संग्राम की तारीखों का ऐलान। सात नवम्बर से मतदान और तीन दिसम्बर को आयेंगे नतीजे।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है– वित्तीय समितियों की बैठक में शामिल नहीं हो रहे कई अफसर। विधानसभा सचिवालय का मुख्य सचिव को पत्र।

प्रभात खबर कांग्रेस के हवाले से लिखता है– सत्ता मिली, तो पूरे देश में होगी जाति जनगणना।

दैनिक जागरण की प्रमुख खबर है– आठ शिक्षा पदाधिकारियों की गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी। आज अखबार की सुर्खी है– तीन लाख अस्सी हजार बीएड डिग्रीधारियों को नहीं मिली राहत। एसएलपी वापस, सरकार फिर जायेगी सुप्रीम कोर्ट।

—————————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में एशियाई खेलों में भाग लेने वाले भारतीय एथलीटों से संवाद करेंगे।

02. भाजपा नेता सुशील मोदी ने राज्य सरकार पर जाति आधारित गणना में अति पिछड़ी जातियों की उपेक्षा का लगाया आरोप। राज्य सरकार ने रिपोर्ट की समीक्षा से किया इंकार।

03. पटना उच्च न्यायालय ने मुजफ्फरपुर पुलिस के अमानवीय व्यवहार पर लिया स्वतः संज्ञान। राज्य सरकार को पुलिस को संवेदनशील बनाने के दिये निर्देश।

04 और, प्रदेश के ग्यारह जिलों से दक्षिण–पश्चिम मॉनसून की हुई वापसी। मौसम विभाग ने कहा– अगले दो दिनों में पूरे राज्य से लौट जायेगा मॉनसून।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।